# मैगज़ीन टेस्ट के उत्तर
## *(Magazine Test Answer Key)*

**Magazine Test**
**Date : 10 November, 2024**

| Q. No. | Answer | Q. No. | Answer | Q. No. | Answer | Q. No. | Answer |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (a) | 26. | (d) | 51. | (a) | 76. | (c) |
| 2. | (d) | 27. | (b) | 52. | (c) | 77. | (a) |
| 3. | (b) | 28. | (c) | 53. | (d) | 78. | (a) |
| 4. | (b) | 29. | (d) | 54. | (b) | 79. | (b) |
| 5. | (c) | 30. | (a) | 55. | (b) | 80. | (c) |
| 6. | (b) | 31. | (c) | 56. | (b) | 81. | (c) |
| 7. | (a) | 32. | (d) | 57. | (c) | 82. | (d) |
| 8. | (d) | 33. | (b) | 58. | (c) | 83. | (c) |
| 9. | (d) | 34. | (a) | 59. | (d) | 84. | (c) |
| 10. | (a) | 35. | (b) | 60. | (c) | 85. | (c) |
| 11. | (d) | 36. | (a) | 61. | (a) | 86. | (b) |
| 12. | (c) | 37. | (c) | 62. | (a) | 87. | (d) |
| 13. | (c) | 38. | (c) | 63. | (d) | 88. | (a) |
| 14. | (d) | 39. | (d) | 64. | (c) | 89. | (b) |
| 15. | (c) | 40. | (b) | 65. | (a) | 90. | (a) |
| 16. | (a) | 41. | (c) | 66. | (d) | 91. | (a) |
| 17. | (b) | 42. | (a) | 67. | (a) | 92. | (a) |
| 18. | (a) | 43. | (c) | 68. | (c) | 93. | (d) |
| 19. | (c) | 44. | (d) | 69. | (d) | 94. | (d) |
| 20. | (c) | 45. | (c) | 70. | (c) | 95. | (a) |
| 21. | (b) | 46. | (d) | 71. | (b) | 96. | (b) |
| 22. | (c) | 47. | (a) | 72. | (a) | 97. | (b) |
| 23. | (a) | 48. | (b) | 73. | (c) | 98. | (c) |
| 24. | (c) | 49. | (c) | 74. | (c) | 99. | (a) |
| 25. | (a) | 50. | (a) | 75. | (a) | 100. | (b) |


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009 | 21, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली | 13/15, ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज | प्लॉट नंबर-45 व 45-A हर्ष टावर-2, मेन टोंक रोड, वसुंधरा कॉलोनी, जयपुर | 47/CC, बर्लिंगटन आर्केड मॉल, विधानसभा मार्ग, लखनऊ | 12, मेन ए.बी. रोड, भँवर कुआँ, इंदौर, मध्य प्रदेश
**Phone:** 8750187501 :: www.drishtiIAS.com

*Copyright – Drishti The Vision Foundation*

# उत्तर व्याख्यासहित

## करेंट अफेयर्स टुडे

1. (a)

**व्याख्या:** कथन-I में कहा गया है कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' योजना पर गठित रामनाथ कोविंद समिति की रिपोर्ट के प्रस्तुत होने के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। इस संदर्भ में कथन-II और कथन-III दोनों कथन-I का समर्थन करते हैं तथा उसकी व्याख्या करते हैं। कथन-II में एक साथ चुनाव का अर्थ स्पष्ट किया गया है, जिसमें लोकसभा, सभी राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों का एक साथ चुनाव कराना शामिल है। वहीं, कथन-III में 21वें विधि आयोग द्वारा प्रस्तुत किया गया सुझाव है कि एक साथ चुनाव कराने से कई लाभ हो सकते हैं, जैसे कि चुनावी खर्च में कमी, प्रशासनिक कार्यप्रणाली को बेहतर बनाना और सुरक्षा बलों पर दबाव को कम करना। ये दोनों कथन इस योजना के उद्देश्यों और लाभों को स्पष्ट करते हैं, **इसलिये विकल्प (a) सही उत्तर है।**

2. (d)

**व्याख्या:** पहला कथन गलत है क्योंकि "राजमल बनाम रतन सिंह" (1988) मामले में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि SC एवं ST अधिनियम के तहत स्थापित विशेष न्यायालय, विशेष रूप से अधिनियम से संबंधित अपराधों की सुनवाई के लिये नामित हैं। जबकि कनुभाई एम. परमार बनाम गुजरात राज्य, 2000 मामले में गुजरात उच्च न्यायालय ने फैसला दिया कि यह अधिनियम अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों के बीच किये गए अपराधों पर लागू नहीं होता है।

दूसरा कथन भी गलत है क्योंकि "सुभाष काशीनाथ महाजन बनाम महाराष्ट्र राज्य" (2018) के मामले में, सर्वोच्च न्यायालय ने अधिनियम की धारा 18 के तहत अग्रिम ज़मानत की पूर्ण प्रतिबंधित व्याख्या में ढील दी थी। न्यायालय ने निर्देश दिया था कि कुछ विशेष परिस्थितियों में अग्रिम ज़मानत दी जा सकती है, हालाँकि यह निर्णय बाद में कानून संशोधन के माध्यम से निरस्त किया गया।

**इसलिये, दोनों कथन गलत हैं और सही उत्तर विकल्प (d) है।**

3. (b)

**व्याख्या:** वर्ष 2024 में पश्चिम बंगाल सरकार ने "अपराजिता" नामक बलात्संग विरोधी विधेयक को पारित किया, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के खिलाफ बढ़ते यौन उत्पीड़न एवं हिंसा के मामलों पर कठोर कार्रवाई करना है। **इसलिये विकल्प (b) सही उत्तर है।**

4. (b)

**व्याख्या:** लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 की धारा 11 लोकपाल को एक जाँच शाखा स्थापित करने का अधिकार प्रदान करती है, **इसलिये विकल्प (a) गलत है।**

- इस जाँच शाखा को अपनी प्रारंभिक जाँच को अंतिम रूप देकर 60 दिनों के भीतर लोकपाल को रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी, **इसलिये विकल्प (c) गलत है।**
- इस अधिनियम में लोक सेवकों के अभियोजन के उद्देश्य से 'अभियोजन निदेशक' की अध्यक्षता में एक अभियोजन शाखा के गठन का भी प्रावधान है, जिसका गठन अभी तक नहीं किया गया है, **इसलिये विकल्प (d) गलत है।**
- इस अधिनियम के अंतर्गत लोकपाल की जाँच शाखा में एक जाँच निदेशक नियुक्त किया जाता है, जो लोकपाल अध्यक्ष के अधीन कार्य करता है। इस जाँच निदेशक की सहायता के लिये तीन पुलिस अधीक्षक (SP) नियुक्त होते हैं। इनमें SP (सामान्य), SP (आर्थिक और बैंकिंग) और SP (साइबर) शामिल हैं। **इसलिये विकल्प (b) सही उत्तर है।**

5. (c)

**व्याख्या:** हाल ही में जसीला शाजी बनाम भारत संघ, 2024 के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने निवारक निरोध (Preventive Detention) से जुड़े कुछ नए मानक स्थापित किये हैं, जोकि निवारक निरोध के अधिकारों की रक्षा के लिये महत्त्वपूर्ण हैं। यह निर्णय निवारक निरोध के मामलों में नागरिकों के मूल अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम है। **अतः कथन 1 सही है।**

- इसके अतिरिक्त, 44वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1978 में प्रावधान किया गया था कि सलाहकार बोर्ड की राय के बिना किसी भी व्यक्ति को तीन महीने से अधिक समय तक निरोध में नहीं रखा जा सकता है और इस अवधि को घटाकर दो महीने कर दिया गया है। हालाँकि यह प्रावधान अभी तक लागू नहीं हुआ है, **इसलिये कथन 2 भी सही है।**

**इसलिये विकल्प (c) सही उत्तर है।**


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**6. (b)**

**व्याख्या:** एकीकृत पेंशन योजना (UPS) सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद सुनिश्चित पेंशन प्रदान करेगी।

- UPS के तहत 25 वर्ष की न्यूनतम अर्हक सेवा के लिये सेवानिवृत्ति से पहले अंतिम 12 महीनों में कर्मचारी के औसत मूल वेतन का 50% पेंशन निर्धारित होगा। **इसलिये कथन 1 गलत है।**
- सेवानिवृत्त व्यक्ति की मृत्यु पर उसका निकटतम परिवार सेवानिवृत्त व्यक्ति द्वारा अंतिम बार प्राप्त पेंशन का 60% पाने का पात्र होगा। **इसलिये कथन 3 गलत है।**
- न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्ति की स्थिति में UPS, 10,000 रुपए प्रतिमाह की सुनिश्चित पेंशन प्रदान करता है। **इसलिये कथन 2 सही है।**

**अतः विकल्प (b) सही है।**

**7. (a)**

**व्याख्या:** प्रधानमंत्री जन-धन योजना (PMJDY) का उद्देश्य वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करना और समाज के हर वर्ग को बैंकिंग प्रणाली में शामिल करना है। इस योजना के तहत खोले गए खातों में कई लाभ प्राप्त होते हैं, जैसे कि DBT (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से सरकारी सब्सिडी सीधे खाते में आती है और ये खाते प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा मुद्रा योजना जैसी अन्य योजनाओं के लिये पात्र होते हैं। इसलिये पहला कथन सही है।

- दूसरे कथन में कहा गया है कि प्रधानमंत्री जन-धन योजना अगस्त 2017 में शुरू हुई थी, जो कि गलत है। यह योजना 28 अगस्त 2014 को शुरू की गई थी। हालाँकि जन-धन खातों में न्यूनतम शेष राशि रखने की आवश्यकता नहीं होती है, लेकिन इस कथन में तिथि का उल्लेख गलत है। इसलिये दूसरा कथन सही नहीं है।

**अतः सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**8. (d)**

**व्याख्या:** 'ग्लोबल फिनटेक फेस्टिवल' का आयोजन प्रतिवर्ष तीन प्रमुख संस्थाओं- पेमेंट्स काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) और फिनटेक कन्वर्जेंस काउंसिल (FCC) द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता है। यह फेस्टिवल फिनटेक उद्योग, डिजिटल भुगतान और वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में नए विचारों, नवाचारों तथा तकनीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। PCI और FCC, दोनों ही इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (IAMAI) से जुड़े हैं, जबकि NPCI भारत में डिजिटल भुगतान प्रणाली के विकास के लिये एक केंद्रीय निकाय है। इस कार्यक्रम में वैश्विक स्तर के विशेषज्ञ, उद्यमी और नीति निर्माता भाग लेते हैं, जिससे यह वैश्विक फिनटेक क्षेत्र के लिये एक महत्त्वपूर्ण मंच बनता है। **इसलिये विकल्प (d) सही है।**

**9. (d)**

**व्याख्या:** प्रश्न में दिये गए दोनों कथन गलत हैं क्योंकि न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) का कार्य अंतरिक्ष-आधारित उत्पादों और सेवाओं का व्यवसायीकरण करना है, न कि अंतरिक्ष गतिविधियों को अधिकृत करने एवं उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिये सिंगल विंडो एजेंसी के रूप में कार्य करना। इस कार्य के लिये भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्द्धन और प्राधिकरण केंद्र (InSPACe) ज़िम्मेदार है। **इस प्रकार, सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**10. (a)**

**व्याख्या:** उपरोक्त प्रश्न के अनुसार, दिये गए विकल्पों में से केवल एक समझौता भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग के संदर्भ में है और वह है INDUS-X।

- INDUS-X भारत और अमेरिका के बीच रक्षा तथा सैन्य सहयोग को बढ़ावा देने के लिये शुरू की गई एक पहल है। इसका उद्देश्य दोनों देशों के रक्षा स्टार्टअप्स, कंपनियों और उद्योगों के बीच रक्षा नवाचार एवं प्रौद्योगिकी सहयोग को बढ़ावा देना है।
- जबकि MoU ऑन डिफेंस एंड मिलिटरी टेक्निकल कोऑपरेशन भारत-कज़ाख्स्तान के मध्य, MoU ऑन डिफेंस कोऑपरेशन एंड एक्सचेंज भारत-जापान के मध्य, MoU फॉर कोऑपरेशन इन द फील्ड ऑफ हाइड्रोग्राफी भारत-सेशल्स के मध्य समझौते हैं।

**अतः विकल्प (a) सही है।**

**11. (d)**

**व्याख्या:** उत्तर में दिये गए सभी कथन सही हैं।

- **ब्रूनेई और भारत की नीतियाँ:** ब्रूनेई के सुल्तान, सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया ने भारत की 'लुक ईस्ट' और 'एक्ट ईस्ट' नीतियों का समर्थन किया है, जोकि भारत की पूर्वी एशियाई देशों के साथ आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने की नीति का हिस्सा है। यह सहयोग भारत की क्षेत्रीय प्रभाव को बढ़ाने में सहायक है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- **भारत-सिंगापुर क्रॉस-बॉर्डर UPI-PayNow भुगतान:** भारत ने सिंगापुर के साथ अपनी पहली UPI-PayNow क्रॉस-बॉर्डर P2P भुगतान सुविधा शुरू की है। इस समझौते से दोनों देशों के नागरिक डिजिटल लेन-देन कर सकेंगे, जिससे व्यापार और व्यक्तिगत लेन-देन सरल होगा।
- **भारत-यूएई परमाणु सहयोग समझौता:** भारत और यूएई ने असैन्य परमाणु ऊर्जा में सहयोग हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। इसका उद्देश्य परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग में सहयोग बढ़ाना और तकनीकी विकास करना है।

  **इस प्रकार, विकल्प (d) सही है।**

**12. (c)**

**व्याख्या:** TAPI पाइपलाइन, जिसका पूरा नाम "तुर्कमेनिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान-इंडिया" पाइपलाइन है, का उद्देश्य तुर्कमेनिस्तान के गाल्किनिश गैस क्षेत्र से प्राकृतिक गैस को अफगानिस्तान, पाकिस्तान और भारत तक पहुँचाना है। इसे तुर्कमेनिस्तान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान और भारत की भागीदारी के साथ ऊर्जा आपूर्ति हेतु डिज़ाइन किया गया है। अत: कथन 1 सही है। इसे शांति के प्रतीक के रूप में "पीस पाइपलाइन" भी कहा जाता है क्योंकि इससे जुड़े देशों में आपसी सहयोग और आर्थिक लाभ का संदेश निहित है। हालाँकि भारत शुरुआत से इस परियोजना का हिस्सा नहीं था; वह वर्ष 2008 में इस परियोजना में शामिल हुआ। **इस प्रकार, कथन 2 गलत है। अत: विकल्प (c) सही उत्तर है।**

**13. (c)**

**व्याख्या:** भारत सरकार की '$BioE_3$' नीति उच्च प्रदर्शन वाले जैव-विनिर्माण को बढ़ावा देने हेतु बनाई गई है, जिसमें 'E3' का अर्थ तीन प्रमुख क्षेत्रों से है: अर्थव्यवस्था (Economy), पर्यावरण (Environment) और रोज़गार (Employment)। इन तीनों क्षेत्रों के समावेशन का उद्देश्य जैव-प्रौद्योगिकी के माध्यम से आर्थिक वृद्धि, पर्यावरणीय सुधार और रोज़गार सृजन को प्रोत्साहित करना है। इस नीति का उद्देश्य इन तीन प्रमुख क्षेत्रों में स्थिरता और विकास को प्राथमिकता देना है, जिससे सामाजिक तथा आर्थिक प्रगति में योगदान मिले। प्रश्न में दिये गए विकल्पों में से 'अभियांत्रिकी (Engineering)' इस नीति में शामिल नहीं है, **इसलिये सही उत्तर (c) है।**

**14. (d)**

**व्याख्या:** हाल ही में मानव अधिकारों और लोकतंत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के क्षेत्र में नवाचार को संतुलित करने के लिये एक कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतर्राष्ट्रीय संधि का प्रस्ताव किया गया है, जिस पर कई प्रमुख देशों एवं संगठनों ने हस्ताक्षर किये हैं। यूरोपीय संघ, यू.एस.ए. और ब्रिटेन इस संधि के हस्ताक्षरकर्त्ता हैं, जो AI के नैतिक और ज़िम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देना चाहते हैं। लेकिन जापान ने इस संधि पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं, **इसलिये इस प्रश्न का विकल्प (d) सही उत्तर माना गया है।**

**15. (c)**

**व्याख्या:** भारत ने वर्ष 2028 तक अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की योजना बनाई है, जिससे वह मानव अंतरिक्ष मिशनों और अनुसंधान के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करेगा। इसके अलावा, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्च व्हीकल (NGLV) पर भी कार्य शुरू किया है, जो वर्तमान LVM3 की तुलना में तीन गुना अधिक पेलोड क्षमता वाला एक उन्नत लॉन्च वाहन होगा। इस वाहन की क्षमता के कारण बड़े और जटिल अंतरिक्ष मिशनों को संभव बनाना आसान होगा। **अत: विकल्प (c) सही उत्तर है।**

**16. (a)**

**व्याख्या:** FASAL (Forecasting Agricultural output using Space, Agrometeorology and Land based observations) कार्यक्रम का उद्देश्य सटीक और समयबद्ध कृषि उत्पादन आकलन करना है। इसके अंतर्गत उपग्रह आधारित डेटा, कृषि-मौसम विज्ञान और भूमि आधारित अवलोकनों का उपयोग करके विभिन्न फसलों के उत्पादन का पूर्वानुमान लगाया जाता है। कथन-I इस कार्यक्रम के उद्देश्य को स्पष्ट करता है, जबकि कथन-II इसकी कार्यप्रणाली का वर्णन करता है, जिससे यह कथन-I की व्याख्या करता है। **अत: विकल्प (a) सही उत्तर है।**

**17. (b)**

**व्याख्या:** कथन-I में नेचर जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार भारत द्वारा प्रतिवर्ष लगभग 9.3 मिलियन टन प्लास्टिक प्रदूषण उत्पन्न करने की बात की गई है, जो सही है और भारत में प्लास्टिक प्रदूषण की गंभीरता को दर्शाता है। वहीं, कथन-II भारत के प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम, 2018 का उल्लेख करता है, जिसमें उन बहुस्तरीय प्लास्टिक सामग्रियों को समाप्त करने का प्रावधान है जिन्हें पुनर्चक्रित नहीं किया जा सकता। हालाँकि कथन-II, कथन-I की व्याख्या नहीं करता, बल्कि दोनों कथन स्वतंत्र जानकारी देते हैं। **अत: विकल्प (b) सही उत्तर है।**

**18. (a)**

**व्याख्या:** कथन 1 सही है क्योंकि दिल्ली सरकार की शीतकालीन योजना में पहली बार ड्रोन का उपयोग पूरे शहर में वायु प्रदूषण हॉटस्पॉट की निगरानी के लिये किया जा रहा है। ड्रोन से प्राप्त वास्तविक समय का डेटा प्रदूषण नियंत्रण प्रयासों को बेहतर बनाने में सहायक होगा।



Copyright – Drishti The Vision Foundation

- कथन 2 गलत है क्योंकि ग्राउंड-लेवल ओजोन स्वयं एक प्राथमिक प्रदूषक नहीं है, बल्कि यह एक द्वितीयक प्रदूषक है। यह तब बनता है जब वाहनों, उद्योगों और विद्युत संयंत्रों से उत्सर्जित नाइट्रोजन ऑक्साइड (NOx) तथा वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (VOCs) सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में अभिक्रिया करते हैं।

**अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।**

**19. (c)**

**व्याख्याः** FRAME (Food Waste Recovery and Environmental Management) एक ऐसा उपकरण है जो खाद्य अपशिष्ट के पर्यावरणीय प्रभावों को मापता है और उन्हें कम करने के उपाय सुझाता है। इसका उद्देश्य खाद्य पुनर्प्राप्ति और पुनर्वितरण के माध्यम से खाद्यान्न बर्बादी को कम करना है, जिससे संसाधनों की बचत होती है एवं पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव भी कम होता है। **अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।**

**20. (c)**

**व्याख्याः** कथन 1 सही है क्योंकि भारत ने नवंबर 2024 में होने वाले यूरोपीय हाइड्रोजन सप्ताह में विशेष साझेदारी की घोषणा की है, जो हाइड्रोजन के उपयोग और इसके विकास में सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है। यह साझेदारी भारत के हरित ऊर्जा प्रयासों को यूरोपीय देशों के साथ जोड़ने का एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

- कथन 2 भी सही है, क्योंकि भारतीय रेलवे जनवरी 2025 में पहली हाइड्रोजन ईंधन वाली ट्रेन के क्षेत्रीय परीक्षण की योजना बना रहा है। यह कदम रेलवे के कार्बन उत्सर्जन को कम करने और परिवहन के लिये स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में है।

**अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।**

**21. (b)**

**व्याख्याः** विश्व संसाधन संस्थान (WRI) का मुख्यालय वाशिंगटन, यू.एस.ए. में स्थित है। यह संस्थान पर्यावरण और विकास के बीच संतुलन बनाने के लिये काम करता है तथा छह महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है, जैसे जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा, भोजन, वन, जल और शहरों की स्थिरता। WRI वैश्विक स्तर पर पर्यावरणीय संकटों को हल करने के लिये नीति अनुसंधान और समाधान प्रदान करता है। **अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।**

**22. (c)**

**व्याख्याः टॉपल (शैल पात):** यह शैल के मलबे का ढाल के अनुरूप पात (tilt), उच्छलन (uplift) और लोटन (rolling) द्वारा संचलन है।

- **हिमस्खलनः** यह गुरुत्वाकर्षण के तहत शैल या हिम का आकस्मिक वृहद् संचलन है।
- **क्रीप (ढाल का मंद विरूपण):** यह ढाल से मृदा और शैल का एक क्रमिक, मंद संचलन है।
- तीनों युग्म सही सुमेलित हैं, **इसलिये विकल्प (c) सही उत्तर है।**

**23. (a)**

**व्याख्याः** कथन-I सही है, क्योंकि "जर्नल ऑफ रॉक मेकेनिक्स एंड जियोटेक्निकल इंजीनियरिंग" में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, सेड़ोंगपु अवनालिका में 2017 के बाद से बृहत् क्षरण की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है।

- कथन-II भी सही है, क्योंकि इस वृद्धि का कारण क्षेत्र में दीर्घकालिक तापमान में बढ़ोतरी और भूकंपीय घटनाओं में वृद्धि को बताया गया है, जो बृहत् क्षरण के कारणों में शामिल हैं। इस प्रकार, कथन-II कथन-I की व्याख्या करता है, **जिससे विकल्प (a) सही उत्तर है।**

**24. (c)**

**व्याख्याः** कथन-1 सही है, क्योंकि आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024 को लोकसभा में आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 में संशोधन करने के लिये प्रस्तुत किया गया है।

- कथन-2 भी सही है, क्योंकि इस विधेयक में प्रस्तावित किया गया है कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (SDMA) अपनी स्वयं की राष्ट्रीय तथा राज्य आपदा प्रबंधन योजनाएँ तैयार करेंगे, ताकि आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

**अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।**

**25. (a)**

**व्याख्याः ENSO:** ऊपरी वायुमंडलीय विविधताओं के परिणामस्वरूप ENSO उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह के तापमान में उतार-चढ़ाव को दर्शाता है, जो सही युग्म है।

- **ला-लीनाः** यह ठंडी जलधारा के साथ व्यापारिक पवनों के मज़बूत होने से संबंधित है, न कि कमज़ोर होने से, इसलिये यह गलत युग्म है।
- **अल-नीनोः** यह गर्म जलधारा और व्यापारिक पवनों के कमज़ोर होने से संबंधित है, न कि प्रबल होने से, इसलिये यह भी गलत युग्म है।

**अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।**


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**26. (d)**

**व्याख्याः स्पंज सिटी क्रांतिः** यह शहरी क्षेत्रों में जल संचयन और अवशोषण को बढ़ावा देती है, जिससे बाढ़ की समस्या को कम किया जा सकता है।

- **स्मार्ट स्टॉर्मवाटर प्रणालियाँः** ये बाढ़ के पानी की अधिकतम अवशोषण और प्रबंधन के लिये उन्नत तकनीकों का उपयोग करती हैं।
- **हरित गगनचुंबी इमारतेंः** ये इमारतें जल प्रबंधन में मदद करती हैं और शहरी जलवायु को सुधारने में योगदान देती हैं, जिससे बाढ़ नियंत्रण में सहायता मिलती है।
- **शहरी आद्रर्भूमि का पुनरुद्धारः** यह जल अवशोषण और बाढ़ नियंत्रण के लिये महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि आद्रर्भूमियाँ बाढ़ के पानी को अवशोषित करती हैं।

इन सभी उपायों का उद्देश्य शहरों की बाढ़ प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना है। **अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।**

**27. (b)**

**व्याख्याः मैस्करीन द्वीप समूहः** यह हिंद महासागर में स्थित है, न कि अटलांटिक महासागर में। इसलिये, यह युग्म गलत है।

- **बैरेंट्स-कारा सागरः** यह सही युग्म है क्योंकि बैरेंट्स-कारा सागर आर्कटिक महासागर में स्थित है।
- **ताइवान द्वीपः** यह प्रशांत महासागर में स्थित है, जो सही युग्म है।

इस प्रकार, केवल दूसरे और तीसरे युग्म सही हैं। **अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।**

**28. (c)**

**व्याख्याः** रॉस्बी तरंगें (Rossby Waves), जिन्हें ग्रहीय तरंगें भी कहते हैं, वायुमंडलीय प्रवाह में होने वाले बड़े पैमाने पर होने वाले तरंगात्मक पैटर्न हैं। ये तरंगें पृथ्वी के घूर्णन और तापमान के असमान वितरण के कारण उत्पन्न होती हैं। ये तरंगें वहाँ सर्वाधिक प्रबल होती हैं, जहाँ भूमध्य रेखा और ध्रुवों के बीच तापमान में बहुत अधिक अंतर होता है। हालाँकि ये पूर्व से पश्चिम की ओर नहीं बल्कि पश्चिम से पूर्व की ओर प्रवाहित होती हैं और **इस कारण, कथन 2 सही नहीं है।**

**अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।**

**29. (d)**

**व्याख्याः** नव भारत साक्षरता कार्यक्रम (NILP) भारत सरकार की एक केंद्र प्रायोजित पहल है, जिसका उद्देश्य देश में साक्षरता को बढ़ावा देना और अधिक-से-अधिक लोगों को शिक्षित करना है। इस योजना के तहत "साक्षरता" और "पूर्ण साक्षरता" की स्पष्ट परिभाषाएँ निर्धारित की गई हैं और इसका मुख्य लक्ष्य "जन-जन साक्षर" भारत का निर्माण करना है। हालाँकि **विकल्प (d)** में दिया गया कथन सही नहीं है क्योंकि NILP का उद्देश्य ऑनलाइन शिक्षण, अधिगम और मूल्यांकन प्रणाली के माध्यम से प्रतिवर्ष 15 वर्ष तथा उससे अधिक आयु के एक करोड़ निरक्षरों को शिक्षित करना है।

**30. (a)**

**व्याख्याः** प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट, जो संयुक्त राष्ट्र और 270 जनगणनाओं एवं सर्वेक्षणों के डाटा पर आधारित है, विश्व के प्रवासियों की धार्मिक संरचना का विश्लेषण प्रस्तुत करती है। इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2020 में भारत हिंदू प्रवासियों (जो अन्य देशों से भारत आते हैं) और अप्रवासियों (जो भारत से अन्य देशों में जाते हैं) दोनों के लिये एक शीर्ष देश के रूप में उभरा। इसके अतिरिक्त, रिपोर्ट यह भी बताती है कि वैश्विक प्रवासी आबादी में सबसे बड़ा हिस्सा ईसाइयों का है, जिनकी जनसंख्या का प्रतिशत 47% है। इस प्रकार, कथन-II और कथन-III दोनों सही हैं तथा कथन-I की व्याख्या करते **हैं। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।**

**31. (c)**

**व्याख्याः** हिमाचल प्रदेश सरकार ने बाल विवाह प्रतिषेध विधेयक, 2024 पारित किया है, जिसमें महिलाओं के लिये न्यूनतम विवाह योग्य आयु को 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करने का प्रस्ताव है। यह कदम महिला सशक्तीकरण और उनके शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उठाया गया है। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2008 की विधि आयोग की रिपोर्ट और वर्ष 2018 के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के प्रस्ताव में भी लड़के तथा लड़की दोनों के लिये 18 वर्ष की समान विवाह आयु निर्धारित करने की सिफारिश की गई थी। इसलिये, दोनों कथन सही हैं।

**अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।**

**32. (d)**

**व्याख्याः** स्वच्छ भारत मिशन का शुभारंभ 2 अक्तूबर 2014 को महात्मा गांधी की जयंती पर किया गया था, न कि वर्ष 2015 में। इसका उद्देश्य भारत को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है, जिसमें विशेष रूप से खुले में शौच के हानिकारक प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करना एवं शौचालय के उपयोग को बढ़ावा देना शामिल है। इस मिशन के माध्यम से सरकार ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता के स्तर को सुधारने के लिये कई अभियान तथा योजनाएँ चलाई हैं। **अतः कथन-I गलत है, जबकि कथन-II सही है।**

**अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।**



Copyright – Drishti The Vision Foundation

**33. (b)**

**व्याख्या:** कथन-1 में दिया गया है कि ज़ीरो FIR के तहत बलात्कार पीड़िता घटनास्थल के क्षेत्राधिकार में ही स्थित पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज करा सकती है, जोकि सही नहीं है। ज़ीरो FIR का उद्देश्य पीड़िता को तत्काल न्याय दिलाना है, लेकिन इसे किसी अन्य पुलिस स्टेशन में भी दर्ज किया जा सकता है, न कि केवल घटनास्थल के क्षेत्राधिकार वाले स्टेशन में।

- कथन-2 सही है, क्योंकि भारतीय न्यायिक प्रणाली ने टू फिंगर टेस्ट को अवमानना और पीड़िता की गरिमा का उल्लंघन माना है। सुप्रीम कोर्ट ने इस परीक्षण को अवैध घोषित किया है और डॉक्टरों को इसे करने से मना किया है।

**अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।**

**34. (a)**

**व्याख्या:** साँची स्तूप की विशेषताओं में से, केवल युग्म 1 सही है। शालभंजिका, जो एक प्रजनन प्रतीक है, वास्तव में यक्षी द्वारा प्रदर्शित की जाती है, जो वृक्ष की शाखा को पकड़ती हुई होती है।

- युग्म 2 में वर्णित ऊपरी प्रस्तरवाद, सम्राट अशोक को बोधि वृक्ष के पास जाते हुए दिखाता है, यह सही नहीं है क्योंकि यह सात मानुषी बुद्धों का प्रतिनिधित्व करता है।
- युग्म 3 में निचले प्रस्तरवाद का उल्लेख सात मानुषी बुद्धों से जुड़ा है, यह भी गलत है, क्योंकि इसमें सम्राट अशोक को बोधि वृक्ष के पास जाते हुए दिखाया गया है, जिसके नीचे बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था।

**अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।**

**35. (b)**

**व्याख्या:** "एकम् सत विप्रा बहुधा वदन्ति" (सत्य एक है, ज्ञानी उसे विभिन्न रूपों में व्यक्त करते हैं) की अवधारणा स्वामी विवेकानंद द्वारा प्रस्तुत की गई थी। स्वामी विवेकानंद ने इस विचार के माध्यम से यह बताया कि सभी धर्मों का मूल सत्य एक ही है, लेकिन विभिन्न धार्मिक परंपराओं में उसे अलग-अलग तरीके से व्यक्त किया जाता है। यह विचार धार्मिक सहिष्णुता और सार्वभौमिकता का प्रतीक है।

**अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।**

**36. (a)**

**व्याख्या:** सही युग्म 1 है। ज्योतिबा फुले ने सत्यशोधक समाज की स्थापना की थी, जिसका उद्देश्य जातिवाद और ब्राह्मणवादी सोच के खिलाफ संघर्ष करना था।

**युग्म 2 और 3 गलत हैं:**

- एम.सी. राजा ने ब्राह्मणवादी विरोधी आंदोलन की स्थापना नहीं की, बल्कि वे अखिल भारतीय दलित वर्ग एसोसिएशन के पहले अध्यक्ष थे तथा भीमराव अंबेडकर उपाध्यक्ष थे।
- पेरियार ने अखिल भारतीय दलित वर्ग एसोसिएशन की अध्यक्षता नहीं की। उन्होंने मद्रास प्रेसीडेंसी में ब्राह्मणवाद विरोधी आत्म-सम्मान आंदोलन की स्थापना की।

**अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।**

**37. (c)**

**व्याख्या:** कथन-1 सही है। सिंधुदुर्ग किला, जो अरब सागर में कुरटे द्वीप पर स्थित है, को शिवाजी महाराज और एक विशेषज्ञ हिरोजी इंदुलकर द्वारा गहन परीक्षण के बाद बनाया गया था। यह किला समुद्री रक्षा के लिये महत्त्वपूर्ण था और इसकी वास्तुकला भी अद्वितीय थी।

- कथन-2 भी सही है। वर्ष 1670 में सूरत पर शिवाजी महाराज के दूसरे आक्रमण के दौरान, उन्होंने डच और अंग्रेज़ व्यापारियों को कोई नुकसान नहीं पहुँचाया क्योंकि उनका प्राथमिक उद्देश्य मुगल अर्थव्यवस्था को बाधित कर मराठा प्रभुत्व स्थापित करना था।

**अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।**

**38. (c)**

**व्याख्या:** बोडो समझौता (2020)- इस समझौते में भारत सरकार, असम राज्य सरकार और बोडोलैंड आंदोलन से जुड़े उग्रवादी समूहों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस समझौते के तहत सभी पक्षकारों ने पृथक बोडोलैंड राज्य या केंद्रशासित प्रदेश की बजाय असम राज्य के अंतर्गत ही स्वायत्त बोडोलैंड क्षेत्र की व्यवस्था पर अपनी सहमति जताई। इस समझौते के अनुसार, नई व्यवस्था में बोडोलैंड क्षेत्र के अंतर्गत 4 ज़िलों के स्थान पर 7 ज़िले होंगे।

- **ब्रू-रियांग समझौता (2020)-** यह समझौता त्रिपुरा, मिज़ोरम और भारत सरकार के बीच हुआ था, जिसमें ब्रू-रियांग शरणार्थियों को त्रिपुरा में पुनर्वासित करने की योजना बनाई गई।
- **कार्बी आंगलोंग समझौता (2021)-** यह समझौता असम में कार्बी आंगलोंग क्षेत्र में आदिवासी समुदायों के विकास और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिये हुआ था।

इसलिये, सभी तीनों पंक्तियाँ सही सुमेलित हैं। **अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।**


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**39. (d)**

**व्याख्या:** भारत और चीन के बीच सीमावर्ती विवादों में सभी चार क्षेत्र प्रमुख रूप से शामिल हैं:

- **पैंगोंग झील क्षेत्र-** यह क्षेत्र लद्दाख में स्थित है और यहाँ भारत और चीन के बीच हाल के वर्षों में कई संघर्ष हुए हैं।
- **डेमचोक क्षेत्र-** यह भी लद्दाख में स्थित एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है, जहाँ सीमा विवाद चलता है।
- **गोगरा पोस्ट-** यह क्षेत्र भी लद्दाख में स्थित है और सीमा विवाद का हिस्सा है।
- **दौलत बेग ओल्डी-** यह एक सामरिक रूप से महत्त्वपूर्ण स्थान है और चीन के साथ भारत के सीमा विवाद का हिस्सा है।

**अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।**

**40. (b)**

**व्याख्या: विकल्प (b)** सही नहीं है क्योंकि आतंक-गैंगस्टर गठजोड़ों में केवल राष्ट्रीय आयाम नहीं होते, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय आयाम भी होते हैं। आतंकवादी समूह और संगठित अपराध समूह अक्सर सीमा पार नेटवर्क का उपयोग करते हैं, जिससे उनकी गतिविधियाँ केवल एक देश तक सीमित नहीं रहतीं। ये गठजोड़ विभिन्न देशों के संसाधनों, नेटवर्क और रणनीतियों का उपयोग करके अपने उद्देश्यों को प्राप्त करते हैं, जैसे कि वित्तीय सहायता, हथियारों की तस्करी और अन्य अपराध। बाकी सभी कथन सही हैं, क्योंकि आतंकवाद और संगठित अपराध के बीच सहजीवी संबंध होते हैं एवं गैंगस्टर अक्सर आतंकवादी समूहों को वित्तीय तथा रसद सहायता प्रदान करते हैं।

**41. (c)**

**व्याख्या:** लद्दाख केंद्रशासित प्रदेश में वर्तमान में सात प्रमुख ज़िले हैं: लेह, कारगिल, जास्कर, द्रास, शाम, नुब्रा और चांगथांग। डोडा जम्मू और कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश का एक ज़िला है। **अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।**

**42. (a)**

**व्याख्या:** भारत के 23वें विधि आयोग का कार्यकाल तीन वर्षों (1 सितंबर 2024 से 31 अगस्त 2027) का है। विधि आयोग एक स्थायी संवैधानिक निकाय नहीं है, बल्कि इसे समय-समय पर पुनर्गठित किया जाता है ताकि भारतीय विधि प्रणाली में सुधार और संशोधन के लिये सुझाव दिये जा सकें। **इसलिये, इस प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**43. (c)**

**व्याख्या:** फिलाडेल्फी कॉरिडोर मात्र 14 किलोमीटर लंबा एक संकीर्ण भूमि गलियारा है, जो गाजा पट्टी और मिस्र के बीच स्थित है। यह सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यह गाजा पट्टी को बाहरी आपूर्ति और सीमा पार गतिविधियों से जोड़ता है। इस कॉरिडोर पर नियंत्रण रखने से गाजा पट्टी में हथियारों की तस्करी और अन्य अवैध गतिविधियों पर नज़र रखी जा सकती है, जो क्षेत्रीय सुरक्षा के लिये महत्त्वपूर्ण है। **अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।**

**44. (d)**

**व्याख्या:** भारत सरकार के केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (CPSEs) को उनकी वित्तीय प्रदर्शन, मुनाफे और रणनीतिक महत्त्व के आधार पर विभिन्न दर्जों में वर्गीकृत किया जाता है। इनमें से 'नवरत्न' दर्जा उन उद्यमों को प्रदान किया जाता है, जिन्हें पहले उनके उत्कृष्ट वित्तीय और बाज़ार प्रदर्शन के लिये 'मिनीरत्न' श्रेणी-I के रूप में वर्गीकृत किया गया था। रेलटेल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड और नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन- इन सभी को 'नवरत्न' का दर्जा प्राप्त है। **इस प्रकार, सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**45. (c)**

**व्याख्या:** 'टैनेजर-I' नासा (NASA) द्वारा पृथ्वी पर कार्बन डाईऑक्साइड और मीथेन जैसे प्रमुख ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जकों का पता लगाने तथा निगरानी के लिये प्रक्षेपित एक सेटेलाइट है। इसका उद्देश्य वैश्विक तापमान वृद्धि में योगदान करने वाले प्रमुख उत्सर्जन स्रोतों की पहचान करना है, ताकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयासों को सटीक और प्रभावी बनाया जा सके। यह सेटेलाइट ग्रीनहाउस गैसों के वितरण और उनकी सांद्रता पर नियमित डेटा प्रदान करके जलवायु अनुसंधान में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। **इसलिये, सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**46. (d)**

**व्याख्या:** हार्सशू क्रैब लिमुलिडे कुल के समुद्री और लवणीय जल में पाए जाने वाले आर्थोपोड हैं। ये पृथ्वी पर सबसे पुराने (250 मिलियन वर्ष पहले उत्पन्न हुए) जीवित प्राणियों में से एक हैं, जिन्हें "जीवित जीवाश्म" भी कहा जाता है। भारत में पाई जाने वाली हार्सशू क्रैब की प्रजातियों को संरक्षण प्रदान करने के लिये इन्हें भारतीय वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-II में शामिल किया गया है। **इस प्रकार, तीनों कथन सही हैं और सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**47. (a)**

**व्याख्या:** प्रश्न में दिये गए चक्रवातों और प्रभावित देशों के संदर्भ में युग्मों का मिलान निम्न प्रकार है:

- **शानशान-** यह चक्रवात मुख्य रूप से जापान और इसके आस-पास के क्षेत्रों को प्रभावित करता है, न कि म्याँमार को।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- **असना-** पाकिस्तान द्वारा नामित असना चक्रवात गुजरात के कच्छ तट और पाकिस्तान के आस-पास के क्षेत्रों को प्रभावित किया।
- **अल्वारो-** यह चक्रवात मेडागास्कर को प्रभावित करता है।

**अतः सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**48. (b)**

**व्याख्या:** भारत ने डेनमार्क के साथ मिलकर हरित रणनीतिक साझेदारी के तहत वाराणसी में स्वच्छ नदियों पर स्मार्ट प्रयोगशाला (Smart Laboratory for Clean Rivers, SLCR) की स्थापना की है। इस पहल का उद्देश्य नदियों के प्रदूषण की निगरानी और जल गुणवत्ता में सुधार के लिये आधुनिक तकनीकों का उपयोग करना है। भारत-डेनमार्क हरित रणनीतिक साझेदारी दोनों देशों के बीच जलवायु और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सहयोग को मज़बूत करने का प्रयास है। **इसलिये, सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**49. (c)**

**व्याख्या:** 'पीएम जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' जनजातीय बहुल गाँवों और आकांक्षी ज़िलों में जनजातीय परिवारों के कल्याण के लिये एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसका उद्देश्य इन क्षेत्रों में विकास तथा जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। इस योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसमें मोबाइल मेडिकल इकाइयों के माध्यम से दूरस्थ उप-केंद्रों तक पहुँचना शामिल है। योजना के अनुसार, मैदानी क्षेत्रों में 10 किलोमीटर से अधिक और पहाड़ी क्षेत्रों में 5 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित जनजातीय क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुँचाकर शिशु मृत्यु दर (IMR), मातृ मृत्यु दर (MMR) और टीकाकरण कवरेज में सुधार करना है। **इसलिये, दोनों कथन सही हैं और सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**50. (a)**

**व्याख्या:** न्यिंगमा संप्रदाय तिब्बती बौद्ध धर्म का सबसे प्राचीन संप्रदाय है, जिसकी शिक्षाएँ गुरु पद्मसंभव पर आधारित हैं। गुरु पद्मसंभव, जिन्हें गुरु रिनपोछे के नाम से भी जाना जाता है, 8वीं शताब्दी के एक महान ऋषि थे, जिन्होंने हिमालयी क्षेत्र, विशेषकर तिब्बत में बौद्ध धर्म के प्रचार और विस्तार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी शिक्षाओं ने न्यिंगमा संप्रदाय को गहराई से प्रभावित किया और इसे एक आध्यात्मिक आधार प्रदान किया। **अतः, कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है। इसलिये सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**51. (a)**

**व्याख्या:** कथन 1 सही है, क्योंकि भारत सरकार ने लघु मोड्यूलर रिएक्टर (SMRs) के विकास के लिये निजी क्षेत्र के साथ सहयोग की योजना बनाई है, ताकि ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाया जा सके और भविष्य में परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में प्रगति हो सके।

- कथन 2 गलत है, क्योंकि 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' फरवरी 2024 में शुरू की गई है, जिसके तहत छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएंगे ताकि 1 करोड़ घरों को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिल सके।

**इसलिये, सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**52. (c)**

**व्याख्या:** 'रोज़गार लिंक्ड पहल' के तहत 'फर्स्ट टाइमर' योजना का उद्देश्य युवा श्रमिकों को औपचारिक क्षेत्र में रोज़गार प्राप्त करने में मदद करना है। इस योजना को यूनियन बजट, 2024-25 के तहत प्रस्तुत किया गया था। इस योजना के तहत सरकार शुरुआत में एक महीने का वेतन देकर युवा श्रमिकों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इस योजना के तहत 1 लाख रुपए प्रतिमाह वेतन की पात्रता सीमा निर्धारित की गई है। लेकिन, **विकल्प (c)** गलत है क्योंकि इस योजना के तहत EPFO के साथ पंजीकृत फर्स्ट टाइमर कर्मचारियों को तीन किस्तों में 15,000 रुपए तक प्रदान किये जाएंगे।

**53. (d)**

**व्याख्या:** 'पूर्वोदय योजनाओं' का उद्देश्य पूर्वी भारत के राज्यों के समग्र विकास को बढ़ावा देना है, जिसमें बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश शामिल हैं। इन योजनाओं के तहत इन राज्यों में आधारभूत संरचना, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और औद्योगिकीकरण जैसे क्षेत्रों में सुधार की दिशा में काम किया जा रहा है। **इसलिये, सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**54. (b)**

**व्याख्या: गालमुक्त धरण व गालयुक्त शिविर योजना:** यह महाराष्ट्र की योजना है। इसके अंतर्गत सिंचाई में सुधार, पशुओं के लिये पीने का पानी उपलब्ध कराने और ज़मीन के जल स्तर को सुधारने में स्थानीय भागीदारी के माध्यम से जलाशयों से गाद निकाला जाता है।

- **मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान:** यह राजस्थान की योजना/अभियान है, जिसका लक्ष्य बेकार पड़े तालाबों की मरम्मत और नए तालाबों की खुदाई के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थाई पेयजल स्रोत सुनिश्चित करना है।
- **अमृत नगरुत्थान योजना:** यह पानी की गुणवत्ता की निगरानी और शिकायतों के निवारण के लिये मोबाइल ऐप जैसे घटकों के साथ एक व्यापक झील विकास योजना है, जो कर्नाटक राज्य की है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- **कुड़ीमारामथु योजना:** यह तमिलनाडु की योजना है, जो जल-उपयोगकर्त्ता संघों जैसे भागीदारी प्रबंधन तंत्रों के माध्यम से सिंचाई के लिये टैंकों की मरम्मत और रखरखाव का कार्य करती है।

**अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।**

**55. (b)**

**व्याख्या:** मध्य प्रदेश के बैतूल ज़िले में स्थित सारणी जलाशय (सतपुड़ा बाँध) में "सालविनिया मोलेस्टा" नामक आक्रामक विदेशी जलीय खरपतवार को नष्ट कर राज्य सरकार ने जैविक नियंत्रण का एक प्रमुख उदाहरण प्रस्तुत किया है। सालविनिया मोलेस्टा एक अत्यंत आक्रामक खरपतवार है, जो जलाशयों और नदियों में तेज़ी से फैलता है एवं जल पारिस्थितिकी को नुकसान पहुँचाता है। इसका प्रबंधन करना कठिन होता है क्योंकि यह अन्य पौधों और जलीय जीवन को प्रभावित करता है। इस खरपतवार को जैविक विधि से नियंत्रित करने का यह प्रयास पर्यावरण-संरक्षण की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। **अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**56. (b)**

**व्याख्या:** दक्षिण अफ्रीका में मक्का एक महत्त्वपूर्ण फसल है और यह वहाँ का मुख्य खाद्यान्न भी है, जो भोजन तथा पशुओं के चारे के रूप में प्रयोग होता है। इसके अतिरिक्त, जलवायु स्मार्ट खेती तकनीक का उपयोग कर मक्का की पैदावार को बढ़ाया जा सकता है। यह तकनीक जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने और फसल उत्पादन में सुधार लाने में सहायक होती है। हालाँकि कथन-II कथन-I की सीधी व्याख्या नहीं है, बल्कि यह केवल मक्का उत्पादन से संबंधित एक सामान्य तथ्य है। **इसलिये, सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**57. (c)**

**व्याख्या:** 'क्वाड' (QUAD), एक रणनीतिक समूह है, जिसमें भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। यह मंच एशिया-प्रशांत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने के लिये सहयोग करता है। हालाँकि इसे 'एशियाई नाटो' कहना सटीक नहीं है, क्योंकि क्वाड का मुख्य उद्देश्य सैन्य गठबंधन न होकर आर्थिक, तकनीकी और आपूर्ति श्रृंखला सहयोग बढ़ाना है।

- कथन-2 सही है, क्योंकि क्वाड का 'क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी फोरम' AI, क्वांटम कंप्यूटिंग और बायोटेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है।
- कथन-3 भी सही है, क्योंकि चीन पर निर्भरता घटाने के लिये की गई क्वाड की कुछ पहल भारत के लिये अल्पकालिक आर्थिक लागत उत्पन्न कर सकती हैं।
- कथन-4 भी सही है, जिसमें भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने 2021 में आपूर्ति श्रृंखला समुत्थानशीलता पहल (SCRI) शुरू की थी।

**इस प्रकार, सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**58. (c)**

**व्याख्या:** राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 के तहत स्वास्थ्य सेवा में AI का समर्थन करने के लिये कई महत्त्वपूर्ण रूपरेखाएँ विकसित की गई हैं, जिनमें डिजिटल स्वास्थ्य प्राधिकरण, DISHA (Digital Information Security in Healthcare Act) 2018 और चिकित्सा उपकरण नियम, 2017 शामिल हैं।

- डिजिटल स्वास्थ्य प्राधिकरण का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देना और स्वास्थ्य डेटा के कुशल एवं सुरक्षित प्रबंधन में AI का समर्थन करना है।
- DISHA, 2018 स्वास्थ्य डेटा की सुरक्षा के लिये एक कानूनी ढाँचा प्रदान करता है, जो AI-आधारित स्वास्थ्य सेवाओं में डेटा गोपनीयता सुनिश्चित करता है।
- चिकित्सा उपकरण नियम, 2017 का उद्देश्य चिकित्सा उपकरणों के नियमन और उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करना है, जो AI-समर्थित स्वास्थ्य उपकरणों की सुरक्षा तथा प्रभावशीलता में सहायक है।

**इसलिये, सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**59. (d)**

**व्याख्या:** उपरोक्त सभी पंक्तियाँ सही सुमेलित हैं:

- **पार्थेनियम हिस्टेरोफोरस:** यह एक स्थलीय खरपतवार है जिसे आमतौर पर गाजर घास या चटक चाँदनी के नाम से जाना जाता है।
- **आईकार्निया कैरासिपेस:** यह एक आक्रामक जलीय खरपतवार है, जिसे जलकुंभी के नाम से जाना जाता है। यह जल निकायों में तेज़ी से फैलता है और पारिस्थितिकी को प्रभावित करता है।
- **सालविनिया मोलेस्टा:** यह एक जलीय खरपतवार है जिसे वाटर फर्न या चाइनीज़ झालर (स्थानीय नाम) के नाम से जाना जाता है और यह जल स्रोतों में अवरोध उत्पन्न कर सकता है।
- **हाइड्रिला वर्टीसिलेटा:** यह एक जलीय खरपतवार है जो पानी में डूबी रहती है और इसे पानी के नीचे रहने वाली खरपतवार के रूप में जाना जाता है।

**अतः सही उत्तर विकल्प (d) है।**


Copyright – Drishti The Vision Foundation

60. (c)

**व्याख्या: कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं:**

- **कथन 1:** भारत में शहरीकरण दर 2011 की जनगणना के अनुसार 31.2% दर्ज की गई, जोकि वर्ष 2001 में दर्ज 27.8% की तुलना में अधिक है। यह वृद्धि भारत के तेज़ी से हो रहे शहरीकरण को दर्शाती है।
- **कथन 2:** "गुरुग्रामीकरण" शब्द का तात्पर्य तीव्र शहरीकरण की प्रक्रिया से है, जिसमें व्यापक वाणिज्यिक एवं आवासीय विकास, आधुनिक अवसंरचना और आस-पास के अविकसित क्षेत्रों में अनियोजित शहरी विकास शामिल है। इसका नाम "गुरुग्राम" के शहरी विकास से प्रेरित है, जो तीव्र शहरीकरण का एक उदाहरण है।

**इसलिये सही उत्तर विकल्प (c) है।**

61. (a)

**व्याख्या:** कथन-I सही है, भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में बुनियादी ढाँचे की कमी, स्वास्थ्य पेशेवरों की अनुपलब्धता और सभी लोगों के लिये स्वास्थ्य सुविधाओं की समान पहुँच न होने जैसी चुनौतियाँ विद्यमान हैं, जो प्रभावी स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने में बाधा उत्पन्न करती हैं।

- कथन-II सही है, AI तकनीकें स्वास्थ्य सेवा में प्रभावशीलता और पहुँच बढ़ाने में सहायक हैं। ये तकनीकें न केवल कार्यों को स्वचालित करके संसाधनों का कुशल उपयोग सुनिश्चित करती हैं, बल्कि कम संसाधनों वाले क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने में सहायक हैं, जिससे भारत जैसे देशों में स्वास्थ्य सेवा में सुधार किया जा सकता है।
- कथन-II, कथन-I में बताई गई समस्याओं के समाधान में योगदान कर सकता है। इस प्रकार, दोनों कथन सही हैं और कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है। **इसलिये, सही उत्तर विकल्प (a) है।**

62. (a)

**व्याख्या: कथन 1:** यह सही है कि भारत को वर्ष 2024 तक 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की महत्त्वाकांक्षा में जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बायोटेक्नोलॉजी क्षेत्र में फार्मास्युटिकल, चिकित्सा उपकरण, कृषि बायोटेक और रिसर्च क्षेत्रों में लगातार प्रगति हो रही है, जो आर्थिक विकास में योगदान दे रही है।

- **कथन 2:** यह कथन सही नहीं है। भारत में ग्रीनफील्ड फार्मा और चिकित्सा उपकरणों के विनिर्माण में 100% एफडीआई (विदेशी प्रत्यक्ष निवेश) की स्वचालित मार्ग से अनुमति है, न कि केवल 51%। इससे विदेशी कंपनियों को भारत में निवेश को प्रोत्साहन मिलता है और चिकित्सा उपकरण निर्माण में आत्मनिर्भरता बढ़ती है।

**अतः सही उत्तर विकल्प (a) है।**

63. (d)

**व्याख्या:** चारों योजनाएँ वित्तीय समावेशन की पहलें हैं-

- **प्रधानमंत्री वय वंदना योजना (PMVVY):** यह योजना वरिष्ठ नागरिकों के लिये एक पेंशन योजना है, जो उन्हें नियमित आय प्रदान कर वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करती है।
- **प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY):** इस योजना के अंतर्गत छोटे उद्यमियों को बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध कराए जाते हैं, जिससे स्वरोज़गार और छोटे व्यवसायों को प्रोत्साहन मिलता है। यह आर्थिक समावेशन का एक महत्त्वपूर्ण कदम है।
- **सुकन्या समृद्धि योजना:** यह योजना बालिकाओं के लिये बचत योजना है, जो उनकी शिक्षा और भविष्य की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करती है।
- **जेएएम ट्रिनिटी (JAM Trinity):** इसमें जन धन योजना, आधार और मोबाइल नंबर को जोड़कर लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे उनके बैंक खातों में पहुँचाने का प्रयास किया गया है, जिससे वित्तीय समावेशन तथा पारदर्शिता में वृद्धि हुई है।

इन सभी पहलों का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को वित्तीय सेवाओं से जोड़कर उन्हें आर्थिक मुख्यधारा में शामिल करना है, जिससे वित्तीय समावेशन का लक्ष्य पूरा होता है। **इसलिये, सही उत्तर विकल्प (d) है।**

64. (c)

**व्याख्या:** कथन-I में बताया गया है कि "भारत में वर्तमान में 'डिजिटल डिवाइड' एक गंभीर चुनौती है।" यह सत्य है, क्योंकि डिजिटल डिवाइड, अर्थात् ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच डिजिटल सेवाओं की असमान पहुँच, भारत में एक बड़ी समस्या बनी हुई है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों तक समान पहुँच नहीं है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य तथा आर्थिक अवसरों में असमानता का कारण बनती है।



Copyright – Drishti The Vision Foundation

● कथन-II में कहा गया है कि "केवल भारतनेट परियोजना ही डिजिटल अवसंरचना को सशक्त कर डिजिटल डिवाइड को दूर करने के लिये पर्याप्त है।" यह कथन सही नहीं है, क्योंकि हालाँकि भारतनेट परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करना है, लेकिन डिजिटल डिवाइड को पूरी तरह से समाप्त करने के लिये और भी कई उपायों की आवश्यकता है, जैसे कि डिजिटल साक्षरता बढ़ाना, किफायती डिवाइस उपलब्ध कराना और व्यापक डिजिटल अवसंरचना का विकास करना।

**इसलिये सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**65. (a)**

**व्याख्या:** कथन-I में यह कहा गया है कि "वर्तमान में मानसिक विकारों की गंभीरता और उनकी व्यापकता में वृद्धि हो रही है," जो सही है। मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ जैसे अवसाद, चिंता और अन्य मानसिक विकारों का प्रकोप बढ़ रहा है तथा कोविड-19 महामारी के बाद इन मामलों में और वृद्धि देखी गई है। मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता और उपचार की सुविधाएँ भी आवश्यक रूप से बढ़ाई जा रही हैं।

● कथन-II में यह कहा गया है कि "बढ़ती गरीबी, वंचना जैसे कारक मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति को दयनीय बनाने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं," यह भी सत्य है। गरीबी, बेरोज़गारी, असमानता और सामाजिक व आर्थिक वंचना जैसे तत्त्व मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं एवं यह मानसिक विकारों की गंभीरता व व्यापकता को बढ़ाने में मदद करते हैं।

**इसलिये, कथन-II कथन-I की व्याख्या करता है और दोनों सही हैं। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।**

**66. (d)**

**व्याख्या:** सभी तीनों कथन सही हैं।

● **कथन 1:** नाटो ने अपनी सुरक्षा रणनीति को '360 डिग्री दृष्टिकोण' के रूप में प्रस्तुत किया है। यह दृष्टिकोण नाटो की सुरक्षा नीतियों और रणनीतियों को व्यापक रूप से समझने तथा लागू करने के उद्देश्य से है, जिसमें सभी खतरों तथा चुनौतियों का समग्र मूल्यांकन शामिल है। यह रणनीति वाशिंगटन में आयोजित 75वें शिखर सम्मेलन में पेश की गई थी।

● **कथन 2:** नाटो ने चीन को यूरो-अटलांटिक सुरक्षा के लिये 'सबसे बड़ा प्रणालीगत खतरा' घोषित किया है। नाटो ने चीन को एक वैश्विक चुनौती के रूप में पहचाना है, जो यूरो-अटलांटिक क्षेत्र की सुरक्षा पर प्रभाव डाल सकता है।

● **कथन 3:** नाटो ने यूक्रेन को 'अपरिवर्तनीय पथ' पर नाटो सदस्यता का वादा किया है। यह एक महत्त्वपूर्ण राजनीतिक बयान है, जिसमें नाटो ने यूक्रेन के प्रति अपनी समर्थन नीति को स्पष्ट किया और नाटो की सदस्यता की दिशा में यूक्रेन के भविष्य को सुनिश्चित करने की बात की है।

**अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।**

**67. (a)**

**व्याख्या: कथन-I:** भारत ने श्रीलंकाई और रोहिंग्या शरणार्थियों को जबरन प्रत्यर्पित किया है। विशेष रूप से रोहिंग्या मुसलमानों को भारत से वापस म्याँमार भेजने की प्रक्रिया को लेकर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में चिंता जताई गई है। इसी प्रकार राजीव गाँधी की हत्या के बाद श्रीलंकाई शरणार्थियों को उनकी सुरक्षा को संभावित खतरे के बावजूद उन्हें श्रीलंका जबरन प्रत्यर्पित किया गया था।

● **कथन-II:** शरणार्थियों के प्रति भारत का दृष्टिकोण प्रायः जबरन प्रत्यर्पण पर आधारित रहा है, जोकि एक विवादास्पद दृष्टिकोण है। भारत शरणार्थियों को संरक्षण देने के बजाय, उन्हें लौटाने की नीति अपनाता रहा है, जिससे कई मानवाधिकार मुद्दे उत्पन्न होते हैं।

इसलिये, दोनों कथन सही हैं और कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है। **अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।**

**68. (c)**

**व्याख्या:** दोनों कथन सही हैं।

● **कथन 1:** 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा की सतह पर चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर की सफल लैंडिंग के बाद भारत में 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जाता है।

● **कथन 2:** मार्च 2024 में, अग्निकुल कासमास ने अपना SoRTeD-01 नामक वाहन का पहला प्रक्षेपण किया। यह प्रक्षेपण भारतीय निजी अंतरिक्ष कंपनी द्वारा किया गया था, जो भारत की अंतरिक्ष क्षेत्र में बढ़ती उपस्थिति का संकेत है।

**अतः विकल्प (c) सही है।**

**69. (d)**

**व्याख्या:** 'डिजिटल कृषि मिशन' की शुरुआत 2 सितंबर 2024 को भारत सरकार द्वारा की गई। इसका उद्देश्य देश के कृषि क्षेत्र में सुदृढ़ डिजिटल अवसंरचना का निर्माण करना और नवीनतम डिजिटल तकनीकों का लाभ उठाकर कृषि में बदलाव लाना है। इस मिशन के तहत डिजिटल डेटा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन और अन्य आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके किसानों को बेहतर संसाधन तथा जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इससे न केवल कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों की आय भी बढ़ेगी और उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जाएगा। **अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।**


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**70. (c)**

**व्याख्या:** कृषि क्षेत्र के डिजिटलीकरण के लिये भारत सरकार ने कई पहलें शुरू की हैं, जिनमें नमो ड्रोन दीदी योजना, एकीकृत किसान सेवा मंच (UFSP) और ज़िला कृषि-मौसम विज्ञान इकाइयाँ शामिल हैं। ये सभी पहलें आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके किसानों को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने पर केंद्रित हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना ड्रोन के माध्यम से कृषि कार्यों में सहायता प्रदान करती है। UFSP किसानों को एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराता है, जिससे वे सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। वहीं, ज़िला कृषि-मौसम विज्ञान इकाइयाँ मौसम संबंधी सटीक जानकारी देकर फसल प्रबंधन में सहायता करती हैं। अत: उपर्युक्त तीनों पहलें कृषि क्षेत्र के डिजिटलीकरण के लिये महत्त्वपूर्ण हैं।

**अत: विकल्प (c) सही उत्तर है।**

**71. (b)**

**व्याख्या:** उपर्युक्त युग्मों में से केवल दो सही सुमेलित हैं।

- पहला युग्म, मैलवेयर, सही सुमेलित है, क्योंकि यह एक दुर्भावनापूर्ण सॉफ्टवेयर है, जिसमें वायरस, वर्म्स और ट्रोजन शामिल होते हैं।
- दूसरा युग्म, फिशिंग, भी सही सुमेलित है, जिसमें भ्रामक ईमेल या वेबसाइट के ज़रिये व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया जाता है।
- हालाँकि तीसरा और चौथा युग्म गलत हैं:
  - मैन इन मिडल (MitM) अटैक का अर्थ है दो पक्षों के बीच उनकी जानकारी के बिना संचार को बाधित करना और बदलना।
  - सामाजिक इंजीनियरिंग में मनोवैज्ञानिक चालों का उपयोग करके व्यक्तियों को गोपनीय जानकारी का खुलासा करने के लिये प्रेरित किया जाता है।

**अत: विकल्प (b) सही उत्तर है।**

**72. (a)**

**व्याख्या:** बुडापेस्ट कन्वेंशन साइबर अपराधों पर नियंत्रण और कानूनी सहयोग बढ़ाने के लिये एक महत्त्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय संधि है। इसका उद्देश्य सदस्य देशों के बीच साइबर अपराध से निपटने के लिये कानूनी ढाँचे को सुसंगत बनाना और सहयोग को बढ़ावा देना है। यह संधि 1 जुलाई 2004 से प्रभावी हुई।

- हालाँकि भारत इस संधि का हस्ताक्षरकर्त्ता देश नहीं है। इसलिये, केवल पहले और दूसरे कथन सही हैं। तीसरा कथन गलत है क्योंकि भारत ने इस संधि पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं। **अत: विकल्प (a) सही उत्तर है।**

**73. (c)**

**व्याख्या:** 'भारतीय राज्यों का सापेक्ष आर्थिक प्रदर्शन: 1960-61 से 2023-24 रिपोर्ट' को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (EAC-PM) द्वारा जारी किया गया है, जोकि पहले कथन को सही बनाता है। इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में छोटे राज्यों में प्रति व्यक्ति आय के आधार पर सिक्किम और गोवा भारत के सबसे अमीर राज्य माने गए हैं, जिससे तीसरा कथन भी सही है।

- हालाँकि दूसरा कथन गलत है क्योंकि महाराष्ट्र 13.3% के साथ भारत के सकल घरेलू उत्पाद में सबसे बड़ा योगदानकर्त्ता राज्य है। **अत: विकल्प (c) सही उत्तर है।**

**74. (c)**

**व्याख्या:** 'एयर क्वालिटी लाइफ इंडेक्स, 2024' रिपोर्ट शिकागो विश्वविद्यालय के ऊर्जा नीति संस्थान (EPIC) द्वारा जारी की गई है, जो वायु प्रदूषण के मानव जीवन पर प्रभाव का मूल्यांकन करती है। इस रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश, भारत, नेपाल और पाकिस्तान विश्व स्तर पर सबसे प्रदूषित देशों में शामिल हैं, जहाँ वायु प्रदूषण जीवन प्रत्याशा को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा है।

**अत: दोनों कथन सही हैं और विकल्प (c) सही उत्तर है।**

**75. (a)**

**व्याख्या:** 'स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार, 2024' केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रदान किये जाते हैं, जिससे पहला कथन सही है।

- ये पुरस्कार विभिन्न शहरों को तीन श्रेणियों में विभाजित कर प्रदान किये जाते हैं, न कि राज्यों को। इसलिये दूसरा कथन गलत है।
- स्वच्छ वायु सर्वेक्षण, केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) के तहत शामिल किये गए शहरों को रैंक करने की एक नई पहल है, न कि राज्यों को। इसलिये तीसरा कथन भी गलत है।

**अत: विकल्प (a) सही उत्तर है।**


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**76. (c)**

**व्याख्या:** 'सड़क सुरक्षा पर भारत की स्थिति रिपोर्ट, 2024', जो भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली द्वारा जारी की गई है, के अनुसार भारत में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली कुल मौतों में से लगभग 50% मौतें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु और कर्नाटक में होती हैं। ये राज्य सड़क सुरक्षा के गंभीर मुद्दों का सामना कर रहे हैं और यहाँ सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर अधिक है।

इस सूची में बिहार शामिल नहीं है। **अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।**

**77. (a)**

**व्याख्या:** भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के संदर्भ में पहला कथन कि वर्ष 1937 में RBI का केंद्रीय कार्यालय कोलकाता से मुंबई स्थानांतरित कर दिया गया था, सही है और यही कारण है कि वर्तमान में RBI का मुख्यालय मुंबई में स्थित है।

- दूसरा कथन गलत है क्योंकि भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम के अनुसार केंद्रीय निदेशक मंडल के सदस्यों की नियुक्ति अधिकतम 4 वर्ष के लिये की जाती है, न कि 5 वर्ष के लिये।
- तीसरा कथन भी गलत है क्योंकि RBI की वार्षिक रिपोर्ट एक सांविधिक रिपोर्ट है, लेकिन इसे अप्रैल में नहीं, बल्कि हर वर्ष अगस्त में जारी किया जाता है।

**अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।**

**78. (a)**

**व्याख्या:** दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC) के संदर्भ में केवल पहला और दूसरा कथन सही हैं।

- SAARC की स्थापना 8 दिसंबर 1985 को ढाका में हुई थी, जोकि पहला कथन सही बनाता है। इसका उद्देश्य दक्षिण एशियाई देशों के बीच सहयोग और विकास को बढ़ावा देना है।
- SAARC एग्रीमेंट ऑन ट्रेड इन सर्विसेज़ (SATIS) सेवा क्षेत्र में व्यापार उदारीकरण के लिये GATS-plus मॉडल का अनुसरण करता है और इसमें 'सकारात्मक सूची' दृष्टिकोण अपनाया गया है, जिसमें केवल चयनित क्षेत्रों में ही उदारीकरण की अनुमति दी जाती है। यह दृष्टिकोण सेवा व्यापार में उदारीकरण को बढ़ावा देने का प्रयास करता है।
- तीसरा कथन गलत है क्योंकि भारत में SAARC विश्वविद्यालय की स्थापना तो की गई है, लेकिन SAARC फूड बैंक और ऊर्जा भंडार की स्थापना पाकिस्तान में हुई है, न कि बांग्लादेश में।

**अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।**

**79. (b)**

**व्याख्या:** उपर्युक्त सूचना में से केवल दो पंक्तियाँ सही सुमेलित हैं:

- पलानी, तमिलनाडु - सही है, क्योंकि पलानी में हाल ही में 'मुतमिज मुरुगन अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन' आयोजित हुआ था, जो तमिल संस्कृति और आध्यात्मिकता को परिलक्षित करता है।
- श्री विजयपुरम, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह - सही है, क्योंकि हाल ही में भारत सरकार ने पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर 'श्री विजयपुरम' करने की घोषणा की।
- कुंडलिक्कड पहाड़ी, कर्नाटक - गलत है, क्योंकि कुंडलिक्कड पहाड़ी (मालमपल्ला/मलप्पुरम पहाड़ी, केरल) में हाल ही में वर्षा जल संचयन परियोजना के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में महापाषाणकालीन कलशों की खोज हुई।

**इसलिये विकल्प (b) सही उत्तर है।**

**80. (c)**

**व्याख्या:** उपर्युक्त सूचना में से तीन पंक्तियाँ सही सुमेलित हैं:

- सिसली, इटली - सही है, क्योंकि सिसली तट में हाल ही में भयंकर तूफान के कारण एक आलीशान नौका (लम्बीज) डूब गई थी।
- पेरिस, फ्राँस - सही है, क्योंकि हाल ही में संपन्न 'पेरिस पैरालंपिक गेम्स 2024' में भारत के पैरा-एथलीटों के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की भारतीय प्रधानमंत्री ने सराहना की।
- अमेज़न, ब्राज़ील - सही है, क्योंकि वैज्ञानिकों द्वारा अमेज़न वर्षा वनों का अध्ययन लगातार किया जा रहा है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वन किस हद तक $CO_2$ को रोककर अपने में भारी मात्रा में कार्बन जमा करते हैं।
- मसीरा एयर बेस, कतर - गलत है, क्योंकि भारतीय वायुसेना और रॉयल ओमान वायुसेना के बीच द्विपक्षीय अभ्यास 'ईस्टर्न ब्रिज' का 7वाँ संस्करण हाल ही में ओमान के मसीरा एयर बेस में संपन्न हुआ।

**इसलिये विकल्प (c) सही उत्तर है।**



Copyright – Drishti The Vision Foundation

**81. (c)**

**व्याख्या:** हड़प्पा सभ्यता के संदर्भ में दोनों कथन सही हैं:

- कथन 1 सही है, क्योंकि हड़प्पा सभ्यता के नगरों का नियोजन आयताकार खंडों में किया गया था और सड़कों का नेटवर्क समकोण पर एक-दूसरे को काटता था। यह सुव्यवस्थित नगर नियोजन की स्पष्ट पहचान है।
- कथन 2 भी सही है, क्योंकि हड़प्पा सभ्यता के नगरों में मंदिरों का कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं मिला है। हड़प्पा सभ्यता में धार्मिक संरचनाओं की कमी दिखती है और इसके स्थान पर आमतौर पर सार्वजनिक स्नानागार तथा जल निकासी प्रणालियाँ पाई गईं।

**अत: विकल्प (c) सही उत्तर है।**

**82. (d)**

**व्याख्या:** उपर्युक्त चारों शब्द ओड़िशा मंदिर समूह स्थापत्य कला के अंग हैं:

- **पिष्ठ** - यह मंदिर की आधार संरचना का हिस्सा होता है, जो मुख्य मंदिर के नीचे स्थित होता है।
- **गंडी** - यह मंदिर का शिखर भाग होता है, जो एक विशिष्ट आकार में निर्मित होता है।
- **जगमोहन** - यह मंदिर का सभा भवन या मंच होता है, जहाँ पूजा और अन्य धार्मिक क्रियाएँ होती हैं।
- **देवल** - यह मंदिर का मुख्य संरचनात्मक हिस्सा होता है, जिसमें भगवान की मूर्ति रखी जाती है।

**इसलिये सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**83. (c)**

**व्याख्या:** उपर्युक्त युग्मों में से तीन सही सुमेलित हैं:

- **नागार्जुनकोंडा** - यह आंध्र प्रदेश में स्थित स्तूप स्थल है, न कि तेलंगाना में, इसलिये गलत है।
- **पुष्कलावती** - अब यह पाकिस्तान में स्थित स्तूप स्थल है, इसलिये सही है।
- **नगरहार** - यह अफगानिस्तान में स्थित स्तूप स्थल है, इसलिये सही है।
- **कनिष्कपुर** - यह कश्मीर में स्थित स्तूप स्थल है, इसलिये सही है।

**इसलिये, सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**84. (c)**

**व्याख्या:** प्रश्न में दिये गए तीन कथनों में से केवल पहला और तीसरा कथन सही हैं, जबकि दूसरा कथन गलत है। ग्वालियर किले में स्थित तेली का मंदिर मिहिरभोज के शासनकाल में निर्मित हुआ था। यह गुर्जर-प्रतिहार वंश की स्थापत्य कला का एक प्रमुख उदाहरण है और इसमें द्रविड़ तथा नागर शैली का मिश्रण देखने को मिलता है। तीसरे कथन के अनुसार, आबू पर्वत के दिलवाड़ा जैन मंदिर के प्रवेश द्वार पर नौ ग्रहों का अंकन है, जोकि सत्य है। यह मंदिर संगमरमर के प्रयोग से युक्त है तथा यहाँ बारीक नक्काशी मिलती है। जबकि दूसरा कथन, जो बघेलखंड स्थापत्य में "उरुश्रृंग" और "अंतराल" की विशेषता बताता है, गलत है क्योंकि 'उरुश्रृंग' और 'अंतराल' बुंदेलखंड स्थापत्य की अपनी विशिष्टता है।

**अत: विकल्प (c) सही उत्तर है।**

**85. (c)**

**व्याख्या:** उल्लिखित चार मंदिरों में से केवल तीन मंदिर चोलकालीन हैं। चोलकालीन मंदिर स्थापत्य कला में अपनी विशिष्टता के लिये प्रसिद्ध हैं और इन्हें मुख्यत: द्रविड़ शैली में निर्मित किया गया था।

- **विजयालय चोलेश्वर मंदिर (विजयालय मंदिर)**- यह मंदिर चोल वंश के संस्थापक विजयालय चोल द्वारा 9वीं शताब्दी में निर्मित किया गया था।
- **सुंदरेश्वर मंदिर**- यह भी चोलकालीन स्थापत्य का उदाहरण है।
- **नागेश्वर मंदिर**- इस मंदिर का निर्माण भी चोल काल के दौरान हुआ था और यह उस काल की स्थापत्य कला को दर्शाता है।

वहीं, विरूपाक्ष मंदिर चोलकालीन नहीं है; इसे चालुक्य वंश के शासनकाल में बनाया गया था। **अत: सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**86. (b)**

**व्याख्या:** रामप्पा मंदिर के संबंध में दिये गए कथनों में से केवल दूसरा और तीसरा कथन सही हैं।

- पहला कथन गलत है, क्योंकि रामप्पा मंदिर विष्णु मंदिर नहीं है, बल्कि यह भगवान शिव को समर्पित मंदिर है। इसे रामालिंगेश्वर मंदिर के नाम से भी जाना जाता है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- दूसरा कथन सही है, क्योंकि इस मंदिर का निर्माण काकतीय शासनकाल में शासकों रुद्रदेव और रेचरला रूद्र द्वारा कराया गया था। इस मंदिर का निर्माण 13वीं शताब्दी में हुआ था और यह काकतीय वास्तुकला का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।
- तीसरा कथन भी सही है, क्योंकि वर्ष 2021 में यूनेस्को ने रामप्पा मंदिर को विश्व धरोहर स्थल की सूची में शामिल किया था।

**इस प्रकार सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**87. (d)**

**व्याख्या:** उल्लिखित दोनों ही कथन गलत हैं:

- पहला कथन गलत है, क्योंकि गुंबद और मेहराब की वास्तुकला इस्लाम की देन नहीं है। वस्तुत: इसकी आरंभिक संरचना रोम में मिलती है। यद्यपि इस्लामी शासन के दौरान इस शैली को भारत में बड़े पैमाने पर अपनाया गया, लेकिन इसे इस्लाम की उत्पत्ति नहीं माना जा सकता।
- दूसरा कथन भी गलत है, क्योंकि गुंबद और मेहराब वास्तुकला को भारत में लाने का श्रेय कुषाण शासकों को नहीं दिया जाता है, न कि शक शासकों को। परंतु भारत में इसे लोकप्रिय बनाने का श्रेय तुर्की शासकों को जाता है।

**इसलिये सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**88. (a)**

**व्याख्या:** दिल्ली के पास तुगलकाबाद में गयासुद्दीन तुगलक द्वारा निर्मित किले की प्रशंसा प्रसिद्ध यात्री और इतिहासकार इब्नबतूता ने की थी। उन्होंने इस किले की भव्यता और चमक का उल्लेख करते हुए कहा कि "सूर्योदय के समय यह इतनी तेज़ी से चमकता है कि इस पर किसी की आँखें टिक नहीं पातीं।"

- इब्नबतूता मोरक्को से भारत आया था और अपने यात्रा वृतांत में उसने तत्कालीन भारतीय शासकों, वास्तुकला तथा सामाजिक संरचना का वर्णन किया है। तुगलकाबाद किला, जो अपनी मज़बूत संरचना और रक्षा प्रणाली के लिये प्रसिद्ध है, दिल्ली सल्तनत की स्थापत्य कला का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

**अत: विकल्प (a) सही उत्तर है।**

**89. (b)**

**व्याख्या:** मुगलकालीन स्थापत्य कला के संदर्भ में दिये गए तीन कथनों में से केवल दूसरा और तीसरा कथन सही हैं।

- पहला कथन गलत है, क्योंकि पित्रादूरा तकनीक, जिसे परचिनकारी भी कहते हैं, हुमायूँ के शासनकाल में नहीं, बल्कि शाहजहाँ के शासनकाल में ईरानी विशेषज्ञों द्वारा भारत में लाई गई थी। यह तकनीक मुख्यत: ताजमहल में देखने को मिलती है, जिसमें पत्थरों पर बारीक नक्काशी करके बहुमूल्य पत्थरों की जड़ाई की जाती है।
- दूसरा कथन सही है, क्योंकि जहाँगीर के शासनकाल को कुछ इतिहासकार स्थापत्य का विश्राम काल मानते हैं। जहाँगीर ने पेंटिंग और बागवानी में अधिक रुचि ली, लेकिन स्थापत्य में उनका योगदान तुलनात्मक रूप से कम था।
- तीसरा कथन भी सही है, क्योंकि सिकंदरा स्थित अकबर के मकबरे की वास्तुकला में हिंदू, मुस्लिम, बौद्ध और ईसाई कलाओं का संगम दिखाई देता है, जो अकबर की धार्मिक सहिष्णुता तथा विभिन्न संस्कृतियों को एक साथ लाने की दृष्टि को दर्शाता है।

**इस प्रकार, सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**90. (a)**

**व्याख्या:** उपर्युक्त सूचना में केवल एक पंक्ति सही सुमेलित है और वह है चौथी पंक्ति:

- **होयसल मंदिर समूह:** होयसल मंदिर समूह कर्नाटक में स्थित है और इन्हें वर्ष 2023 में यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया था।

**अन्य पंक्तियाँ गलत हैं:**

- खांगजेंदजोंगा राष्ट्रीय उद्यान मिज़ोरम में नहीं, बल्कि सिक्किम में स्थित है। इसे यूनेस्को द्वारा वर्ष 2016 में विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया था।
- धौलावीरा गुजरात में स्थित है, लेकिन इसे यूनेस्को ने वर्ष 2021 में विश्व धरोहर स्थल घोषित किया था, न कि वर्ष 2022 में।
- भीमबेटका की गुफाएँ मध्य प्रदेश में स्थित हैं, लेकिन इन्हें यूनेस्को ने वर्ष 2003 में विश्व धरोहर स्थल घोषित किया था, न कि वर्ष 2001 में।

**अत: सही उत्तर विकल्प (a) है।**



Copyright – Drishti The Vision Foundation

**91. (a)**

**व्याख्या:** गांधार, मथुरा और अमरावती शैलियाँ प्राचीन भारत की महत्त्वपूर्ण मूर्तिकला शैलियाँ हैं, जिनमें से केवल पहला तथा दूसरा कथन सही हैं।

- पहला कथन सही है, क्योंकि गांधार शैली पर यूनानी और हेलेनिस्टिक मूर्तिकला का गहरा प्रभाव है। इस शैली में बुद्ध और अन्य धार्मिक आकृतियों का चित्रण ग्रीक कला की विशेषताओं, जैसे सजीव चेहरे, गहरी मूर्तिकारी एवं यथार्थवादी पोशाकों के साथ किया गया है।
- दूसरा कथन भी सही है, क्योंकि मथुरा शैली मुख्य रूप से स्वदेशी प्रभावों के साथ विकसित हुई। इसमें बाहरी प्रभाव न के बराबर हैं और इसमें स्थानीय भारतीय विशेषताओं का समावेश है, जैसे कि अधिक सरल तथा पारंपरिक पोशाकें एवं मुद्रा।
- तीसरा कथन गलत है, क्योंकि अमरावती शैली में यूनानी मूर्तिकला का प्रभाव नहीं है। यह पूरी तरह से भारतीय प्रभाव लिये हुए है और इसमें स्थानीय तत्त्वों का समावेश है। इस शैली में पत्थर पर महीन नक्काशी और भावपूर्ण चित्रण की विशेषता देखी जा सकती है।

**इस प्रकार, सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**92. (a)**

**व्याख्या:** उपर्युक्त सूचना में केवल एक पंक्ति सही सुमेलित है, और वह है तीसरी पंक्ति:

- **तीसरी पंक्ति** - निंबार्काचार्य, सनक संप्रदाय, द्वैताद्वैतवाद: यह सही है। निंबार्काचार्य को सनक संप्रदाय के प्रवर्तक माना जाता है और उन्होंने द्वैताद्वैतवाद का प्रतिपादन किया।

**अन्य पंक्तियाँ गलत हैं:**

- **पहली पंक्ति** - शंकराचार्य अद्वैतवाद के प्रवर्तक हैं, लेकिन उनका संप्रदाय श्री संप्रदाय नहीं बल्कि स्मृति संप्रदाय है।
- **दूसरी पंक्ति** - रामानुजाचार्य ने विशिष्टाद्वैतवाद का प्रतिपादन किया, लेकिन वे स्मृति संप्रदाय से संबंधित नहीं थे। वे श्री संप्रदाय के प्रवर्तक माने जाते हैं।

**इस प्रकार, सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**93. (d)**

**व्याख्या:** प्रश्न में चार शब्द दिये गए हैं: कसूटी, कानी, नवलगुंड और तुसुंग कोटेपस। इन सभी का संबंध वस्त्रों से है, जो विभिन्न क्षेत्रों की सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाते हैं।

- **कसूटी:** कर्नाटक में धागे के प्रयोग से बनाया गया झालदार वस्त्र।
- **कानी:** यह कश्मीर की पश्मीना शॉल का एक रूप है।
- **नवलगुंड:** यह तमिलनाडु में रेशम से बनने वाली दरी है।
- **तुसुंग कोटेपस:** यह नगालैंड में सैनिकों द्वारा प्रयुक्त की जाने वाली शॉल है।

**इस कारण सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**94. (d)**

**व्याख्या:** प्रश्न में दिये गए दोनों कथन गलत हैं:

- स्कारफिटो तकनीक वस्त्रों पर पौराणिक कथानक अंकित करने की कला नहीं है। वास्तव में, स्कारफिटो एक सजावटी तकनीक है जिसका उपयोग मुख्य रूप से मिट्टी के बर्तनों पर किया जाता था। इसमें काले व लाल रंग का मिश्रण बनाकर मृद्भांड का निर्माण किया जाता था।
- बालूचरी तकनीक का संबंध मृद्भांड (मिट्टी के बर्तनों) से नहीं है। इसे बंगाल के मुर्शिदाबाद के बालूचर में बुनकरों ने प्रारंभ किया था। इसमें मंदिरों के कथानकों को अंकित किया जाता है अर्थात् वस्त्र पर पौराणिक कथानक अंकित रहते हैं।

**इसलिये, सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**95. (a)**

**व्याख्या:** प्रश्न में दिये गए कथनों में से केवल पहला कथन सही है।

- पहला कथन सही है, क्योंकि गुप्त काल में चित्र बनाने की नई तकनीक, फ्रेस्को-टेम्परा का प्रयोग अजंता गुफाओं में किया गया था। इस तकनीक में गीले प्लास्टर पर प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जाता था, जिससे रंग लंबे समय तक टिकते थे और चित्रों में चमक बरकरार रहती थी। अजंता गुफाओं में बौद्ध धर्म के विभिन्न कथानकों और बुद्ध के जीवन को दर्शाते हुए इसी तकनीक का व्यापक उपयोग किया गया है।
- दूसरा कथन गलत है, क्योंकि बाघ की गुफाओं के चित्र अजंता गुफाओं की तुलना में अधिक सांसारिक और मानवीय हैं। बाघ गुफाओं के चित्रों में मानव आकृतियों और दैनिक जीवन की भावनाओं का चित्रण अधिक जीवंत तथा यथार्थवादी है, जबकि अजंता के चित्र धार्मिक एवं आध्यात्मिक पहलुओं पर अधिक केंद्रित हैं।

**इसलिये सही उत्तर विकल्प (a) है।**


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**96. (b)**

**व्याख्याः** मुगल चित्रकला के प्रसिद्ध चित्रकार मनोहर ने जहाँगीर का एक चित्र बनाया था, जिसे मुगल बादशाह जहाँगीर ने हस्ताक्षरित कर ब्रिटिश दूत सर टॉमस रो को उपहार के रूप में दिया था। सर टॉमस रो का आगमन जहाँगीर के दरबार में इंग्लैंड के राजा जेम्स प्रथम की ओर से हुआ था और इस चित्र के माध्यम से जहाँगीर ने अंग्रेज़ी राजदूत को अपने प्रति सम्मान तथा मित्रता का प्रतीक सौंपा। मनोहर जहाँगीर के दरबार के प्रमुख चित्रकारों में से एक थे और उन्होंने सम्राट के जीवन, व्यक्तित्व तथा दरबार के विभिन्न घटनाओं को बारीकी से चित्रित किया। **अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।**

**97. (b)**

**व्याख्याः** प्रश्न में दिये गए युग्मों में से केवल दो सही सुमेलित हैं।

- **थेय्याम - केरलः** यह युग्म सही है। थेय्याम केरल का एक पारंपरिक लोकनाट्य मंच है, जिसमें देवी-देवताओं और पूर्वजों की पूजा का अनूठा प्रदर्शन होता है। इसे रंग-बिरंगे वेशभूषा और मुखौटों के साथ प्रस्तुत किया जाता है।
- **करयाल - राजस्थानः** यह युग्म गलत है। करयाल वास्तव में हिमाचल प्रदेश का एक पारंपरिक लोकनाट्य है, जो धार्मिक और पौराणिक कथाओं पर आधारित होता है।
- **खयाल - हिमाचल प्रदेशः** यह युग्म भी गलत है। खयाल राजस्थान का एक लोकप्रिय लोकनाट्य है, जिसमें संगीत, नृत्य और संवाद के माध्यम से लोक कथाओं का मंचन किया जाता है।
- **जरात्रा - गोवाः** यह युग्म सही है। जरात्रा गोवा का एक प्रमुख लोकनाट्य है, जिसे उत्सवों और धार्मिक आयोजनों में प्रस्तुत किया जाता है।

**इस प्रकार, सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**98. (c)**

**व्याख्याः** प्रश्न में दिये गए चार विकल्पों में से केवल तीन भारतीय युद्धकलाओं के नाम हैं।

- **कुटियाट्टमः** यह युद्धकला नहीं, बल्कि केरल की एक पारंपरिक नाट्य कला है, जिसमें संस्कृत नाटकों का मंचन किया जाता है।
- **सिलाम्बमः** यह एक प्राचीन भारतीय युद्धकला है, जो तमिलनाडु में प्रचलित है। इसमें बेंत/लाठी और अन्य हथियारों का उपयोग कर आत्मरक्षा के तरीके सिखाए जाते हैं।
- **ठोडाः** यह हिमाचल प्रदेश की पारंपरिक युद्धकला है, जिसमें तीर-कमान का उपयोग होता है और इसे खेल के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।
- **गतकाः** यह पंजाब की एक प्रसिद्ध युद्धकला है, जो मुख्य रूप से सिख समुदाय द्वारा प्रचलित है। इसमें तलवार और अन्य हथियारों का उपयोग किया जाता है।

**इसलिये सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**99. (a)**

**व्याख्याः** 'भास्कराब्दा' असम राज्य में एक लूनी-सोलर (चंद्र-सौर) कैलेंडर है, जिसे अब राज्य के आधिकारिक कैलेंडर के रूप में अपनाया जाएगा। गौरतलब है कि 'भास्कराब्दा' कैलेंडर में युग की शुरुआत 7वीं शताब्दी के स्थानीय शासक भास्कर वर्मन के अधिरोहण की तारीख से मानी जाती है। 'भास्कराब्दा' और 'ग्रेगोरियन कैलेंडर' के बीच 593 वर्ष का अंतर है। **इसलिये, सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**100. (b)**

**व्याख्याः** प्रश्न में दिये गए चार युग्मों में से केवल दो सही सुमेलित हैं।

- **उपरिक-** बँधुआ मज़दूरीः यह युग्म गलत है। 'उपरिक' का अर्थ बँधुआ मज़दूरी नहीं है, बल्कि इसका संबंध भुक्ति के शासन से है। ध्यातव्य है कि ज़िलों के समूह या प्रांतों को भुक्ति कहा जाता है, जैसे- जेजाक भुक्ति, पुंद्रवर्द्धन भुक्ति आदि।
- **विष्टि-** भुक्ति का शासनः यह युग्म भी गलत है। 'विष्टि' का अर्थ बँधुआ मज़दूरी या अनिवार्य श्रम है, जो पुराने समय में अनिवार्य सेवा के रूप में किया जाता था।
- **मुकद्दम-** गाँव का मुखियाः यह युग्म सही है। 'मुकद्दम' गाँव का मुखिया होता था, जो गाँव के प्रशासन और स्थानीय मामलों का प्रबंध करता था।
- **एकराट-** उत्तरवैदिक काल में चारों दिशाओं का विजेताः यह युग्म सही है। 'एकराट' का तात्पर्य उत्तरवैदिक काल में एक ऐसे राजा से है, जो चारों दिशाओं का विजेता होता था और अपनी सर्वोच्च सत्ता स्थापित करता था।

**अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।**



Copyright – Drishti The Vision Foundation